राजस्थान सरकार

कार्यालय प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक, बलिदानी योद्धा मेजर विकास भाम्भू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, हनुमानगढ़

Telephone No. 01552 294694 Email ID: medicalcollegehmh@gmail.com

No. GMC/HMH/2026/4384 Date: 28/9/26

विज्ञप्ति

राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, हनुमानगढ़ में निम्नलिखित विभाग में राज्य सरकार के पत्र कमांक F7 (Bank Guarantee)/DME/ACAD/2026&10729&Part file (2) (राजकाज न.–21524472) दिनांक 15.05.2026 एवं समसंख्यक आदेश दिनांक 26.05.2026 एवं पत्रांक F-7 (SR)RUHS/DME/ACAD/2026&11191 (राजकाज न.–22703899) दिनांक 10.06.2026 की अनुपालना में महाविद्यालय में निम्नलिखित विभागों में सीनियर रेजीडेन्ट के पदों को पूर्णतः अस्थाई रूप से आगामी बेच की काउंसलिंग के माध्यम से सीनियर रेजीडेण्ट की उपलब्धता तक अथवा अन्य आदेश जारी होने तक भरे जाने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं:–

क्र.स.	विभाग	पद
1	निश्चेतन विभाग	08
2	जनरल मेडिसिन विभाग	02
3	शिशु रोग विभाग	04
4	आर्थोपेडिक्स विभाग	03
5	स्त्री एवं प्रसुति विभाग	02
6	जनरल सर्जरी विभाग	02
7	रेडियो डायग्नोसिस विभाग	01
8	पी.एस.एम (कम्यूनिटी मेडिसिन)	01
9	एनाटॉमी विभाग	01
10	नेत्ररोग विभाग	01
11	फिजियोलॉजी विभाग	01

नोट–राजकीय एवं राजमेस के चिकित्सा महाविद्यालयों से उत्तीर्ण पी.जी/सुपरस्पेशलिटी कोर्स के अभ्यर्थी (इन–सर्विस एवं नॉन सर्विस दोनो) जो कि वर्तमान में काउंसिलंग के माध्यम से आवंटित महाविद्यालय में राजकीय बंध पत्र के अधीन कार्यरत है, इन विज्ञापित पदों हेतु पात्र नहीं होंगे।

उक्त पदों की पात्रता एवं अन्य शर्तों का विवरण निम्नानुसार है:–

1	योग्यता	संबंधित विशिष्ठता ने एम.डी/एम.एस/डी.एनबी/डी.एम/एम.सी.एच। (एन.एम.सी मापदण्डों के अनुसार निर्धारित योग्यता) (मय राजस्थान मेडिकल काउन्सिल अथवा नेशनल मेडिकल काउन्सिल में स्थाई पंजीयन प्रमाणपत्र ।
2	आयु सीमा	दिनांक 01.01.2027 को अधिकतम 45 वर्ष।
3	आरक्षण	महिला अभ्यार्थियों/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/निःशक्त जनों को राज्य सरकार के नियमानुसार आरक्षण का लाभ देय होगा।
4	मानदेय/स्टाईपेण्ट	सीनियर रेजीडेन्ट को रूपये 70,150/– मय नियमानुसार मंहगाई भत्ता एवं मकान किराया भत्ता देय होगा।
5	आवेदन जमा कराने की अन्तिम तिथि एवं समय	दिनांक 10.10.2026 को शाम 05:00 बजे तक आवेदन जमा किये जायेंगे।

–उक्त विज्ञाप्ति पदों कि संख्या में वृद्धि/कटौती की जा सकती है।

सीनियर रेजीडेन्ट के पद के कर्तव्य एवं अन्य शर्तें:–

1. रिक्त पद उपलब्ध रहने की स्थिति में आवश्यकता पड़ने पर चयनित सीनियर रेजीडेन्ट चिकित्सक का कार्यकाल अधिकतम एक वर्ष ही रहेगा।
2. नये अभ्यर्थी के कार्यग्रहण करते ही पूर्व में कार्यरत अभ्यर्थी का कार्यकाल स्वतः समाप्त माना जाएगा तथा उसे तत्काल कार्यमुक्त किया जाएगा।
3. जो अभ्यार्थी चयन से पूर्व स्थाई/अस्थाई तौर पर अन्य विशिष्ठता/समान विशिष्ठता में कार्यरत हैं, उन्हें इस चयन पर कार्यग्रहण करने से पूर्व उस विशिष्ठता से त्याग पत्र देना होगा। राज्य सेवा ने कार्यरत/अन्य संस्थानो से कार्यरत अभ्यार्थियो को अपने नियुक्ति अधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। **बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र के साक्षात्कार मे सम्मिलित नही किया जायेगा।**
4. सीनियर रेजीडेन्ट के पद पर कार्य पूर्णकालीन रेजीडेन्ट के रूप में करना होगा, जिसके लिए एक माह के अधिकतम 1¼ की गणना अनुसार आकस्मिक अवकाश देय होगा।



"जनगणना से जनकल्याण" और "जनगणनाः समृद्धिः समाजस्य"

"प्रगति" व "विकास"

Kuti 28/9/26
"Principal Govt. Medical College Hanumangarh"

राजस्थान सरकार
कार्यालय प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक,
बलिदानी योद्धा मेजर विकास भाम्भू
राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, हनुमानगढ़
Telephone No. 01552 294694 Email ID: medicalcollegehmh@gmail.com

No. GMC/HMH/2026/4384 **Date: 28/9/26**

5. इसके अतिरिक्त अवकाश लेने पर लिए गये अवकाश की अवधि का कोई स्टाईफण्ड एवं अनुभव प्रमाण पत्र देय नही होगा अर्थात सीनियर रेजीडेण्ट के पद पर कुल अवधि एक वर्ष से अधिक नहीं होगी/अभिवृद्धि नहीं की जायेगी। तथा देय अनुभव प्रमाण पत्र में आकस्मिक अवकाश के अतिरिक्त लिये गये अवकाशों का उल्लेख किया जावेगा।
6. सीनियर रेजीडेंट महिला अभ्यार्थियों को राज्य सरकार के निर्देशानुसार सीनियर रेजीडेंसी के दौरान केवल एक बार अधिकतम 6 माह का प्रसूति अवकाश देय होगा तथा पुरूष अभ्यर्थियों को राज्य सरकार के निर्देशानुसार सीनियर रेजीडेंसी के दौरान केवल एक बार अधिकतम 15 दिवस का पितृत्व अवकाश देय होगा ।
7. सीनियर रेजीडेन्ट को स्नातक विद्यार्थियों को शिक्षण प्रशिक्षण कार्य में भी भाग लेना होगा, जिसके लिए शिक्षक के रूप में उनके कार्य अनुभव की गणना की जायेगी जो भविष्य में यदि अभ्यार्थी चाहेगा तो उसे कार्य अनुभव प्रमाण पत्र दिया जा सकेगा ।
8. चयनित अभ्यार्थी हड़ताल आदि में सम्मिलित पाया गया तो उनकी सेवायें तत्काल प्रभाव से बिना किसी नोटिस के समाप्त कर दी जायेंगी।
9. सीनियर रेजीडेन्ट के पद पर कार्यरत अभ्यार्थी न्यूनतम एक माह की अवधि का नोटिस देकर त्याग पत्र दे सकेंगे। एक माह का नोटिस नहीं देने की स्थिति में त्याग पत्र स्वीकृति से पूर्व एक माह का स्टाईपेण्ड राजकोष में जमा करवाना अनिवार्य होगा
10. उक्त साक्षात्कार के परिणाम राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, हनुमानगढ़ की साईट पर जारी किये जायेंगे
11. साक्षात्कार की तिथि को किसी भी मेडिकल कॉलेज में सीनियर रेजिडेण्ट के पद पर कार्यरत चिकित्सक उक्त पद हेतु आवेदन के पात्र नही होगें।
12. चयनित अभ्यर्थियों को सीनियर रेजीडेण्सी हेतु आवंटित विभाग का ही अनुभव प्रमाण पत्र देय होगा।
13. साक्षात्कार के लिये कोई भत्ता (टीए/डीए) देय नहीं होगा।
14. आवेदक को अपना आवेदन (**ऑनलाईन ईमेल आईडी medicalcollegehmh@gmail.com**) और अपनी उम्मीदवारी के समर्थन में सभी प्रांसगिक दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतिया जमा करानी होगी। एक हालिया पासपोर्ट आकार का फोटो और हस्ताक्षर भी अपलोड करना होगा।
15. अपूर्ण आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। ऐसा कोई अभ्यार्थी जिसके दिनांक 01.06.2002 को या उसके पश्चात् दो से अधिक सन्तान हो, सेवा में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा। परन्तु दो से अधिक बच्चों वाले किसी भी अभ्यार्थी को नियुक्ति के लिए निरर्हित नहीं समझा जायेगा, जब तक कि 1 जून, 2002 को विद्यमान उसके बच्चों की संख्या में बढ़ोतरी नहीं होती, परन्तु यह और कि जहां किसी अभ्यार्थी के पूर्वत्तर प्रसव से केवल एक बच्चा है किन्तु किसी एक पश्चात्वर्ती प्रसव से एक से अधिक बच्चे पैदा हो जाते हैं यहां बच्चों की संख्या की गणना करते समय इस प्रकार पैदा हुए बच्चों को एक इकाई समझा जावेगा। साक्षात्कार हेतु आने वाले अभ्यार्थियों को यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
16. **साक्षात्कार के समय मूल दस्तावेज द्वारा जाँच करवाकर उनकी 2 फोटोकॉपी जमा करानी होगी।**
17. किसी भी अद्यतन जानकारी पूछताछ या अतिरिक्त सहायता के लिये, कृप्या राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, हनुमानगढ़ की वेबसाइट पर जाए और सुबह 11:00 बजे से शाम 04:00 बजे के बीच निर्दिष्ट हेल्प डेस्क(01552–294694) से सम्पर्क करें।

आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों का विवरण –

1. आवेदन पत्र के साथ अपनी नवीनतम प्रमाणित फोटो ।
2. सैकेण्डरी स्कूल परीक्षा के प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति (जन्मतिथि के प्रमाण हेतु)।
3. शैक्षणिक योग्यता की समस्त अंकतालिकाओं की प्रमाणित प्रतियां मय अटेम्प्ट प्रमाण पत्र एवं इंटर्नशिप प्रमाण पत्र ।
4. नीट पी.जी स्कोर/नीट एस.एस स्कोर कार्ड मय प्रमाणित प्रति।
5. संस्थाई पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति (आर.एम.सी./एम.सी.आई.)।
6. जाति प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति।
7. संबधित स्पेशिलिटी/सुपरस्पेशिलिटी का अनुभव प्रमाण पत्र।
8. महिला अभ्यार्थी के नाम अथवा उपनाम परिवर्तन के लिए आवश्यक प्रमाण पत्र ।
9. रिसर्च पेपर/पब्लिकेशन/अवॉर्ड/शैक्षणिक अनुभव (यदि हो तो संलग्न करें)
10. राज्य सेवा में कार्यरत/अन्य संस्थानो में कार्यरत अभ्यार्थियो को अपने नियुक्ति अधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र।

Kutt 28/9/26
प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक



"जनगणना से जनकल्याण" और "जनगणनाः समृद्धिः समाजस्य"

"प्रगति" व "विकास"



राजस्थान सरकार

कार्यालय प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक,
बलिदानी योद्धा मेजर विकास भाम्भू
राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, हनुमानगढ़

Telephone No. 01552 294694 Email ID: medicalcollegehmh@gmail.com

No. GMC/HMH/2026/ 4385-90 **Date:** 28/9/26

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :—

1. आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा विभाग, राज० जयपुर ।
2. संबंधित अधीक्षक, संबद्ध चिकित्सालय,म.गा.स्मृति राजकीय जिला चिकित्सालय, हनुमानगढ़।
3. संबंधित आचार्य एवं विभागाध्यक्ष ।
4. शैक्षणिक अधिकारी, राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, हनुमानगढ़।
5. नोडल अधिकारी, कालेज वेबसाईट को भेजकर लेख है कि इस विज्ञापन को आज ही कालेज वेबसाईट पर डलवायें
6. महाविद्यालय नोटिस बोर्ड ।

Kutu 28/9/26

प्रधानाचार्य
बलिदानी योद्धा मेजर विकास भाम्भू
राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय
हनुमानगढ़



"जनगणना से जनकल्याण" और "जनगणनाः समृद्धिः समाजस्य"

"प्रगति" व "विकास"

